लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की तैयारी

भाजपा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

अरवल। भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर अरवल स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में जिला

5 नवंबर तक कार्यक्रम पूरा करने का लक्ष्य

स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में अभियान की रूपरेखा और कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई।



इसके तहत प्रेस वार्ता, पदयात्रा, राष्ट्र चिंतन यात्रा संवाद, युवा संवाद, छात्र प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रमों को 5 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पदयात्रा नवंबर में आयोजित करने की तैयारी है। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी और जिला प्रभारी सुबोध पासवान ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की।

प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

इस बैठक में जिला महामंत्री संजीव कुमार, उपाध्यक्ष संजीत सिंह, गिरेन्द्र कुमार, रामाशीष दास, मुन्नी चंद्रवंशी, सुनीता सिन्हा, सतेंद्र विश्वकर्मा, सविता शर्मा, राहुल वत्स, जय साहू, प्रिया कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष कुंदन पाठक, जिला कार्यालय मंत्री धनंजय रविदास, संजय गुप्ता, जिला प्रवक्ता राकेश साहू, शंकर साहनी, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, रिंकू विश्वकर्मा, भरत यादव, अखिलेश पासवान, मनोज शर्मा, चंदन खत्री, बजेंद्र सिंह, मुकेश भगत एवं जितेंद्र कुशवाहा सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीएसपी ने थाना परिसर में करायी गुंडा परेड

आम नागरिकों की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता : कुमार संजय कहा, अपराध नियंत्रण के लिए नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई रहेगी जारी

अरवल। एसपी किरण कुमार गोरख जाधव के निर्देशानुसार अरवल थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय के नेतृत्व में गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं संदिग्ध तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखना और जिले में अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना है। पुलिस प्रशासन की ओर से इस तरह की कार्रवाई के माध्यम से असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा संभावित आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए सतर्कता बरती जा रही है। गुंडा परेड का उद्देश्य संबंधित व्यक्तियों को कानून-व्यवस्था के प्रति सचेत करना और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में पुलिस की सक्रियता सुनिश्चित करना भी है। डीएसपी ने बताया कि आम नागरिकों की सुरक्षा और जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण के लिए नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी। इस पहल से आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।



जर्जर भवन और बाउंड्री के अभाव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय टेरी की स्थिति दयनीय

अरवल। कलेर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय टेरी में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय भवन की स्थिति जर्जर है और चारों तरफ चहारदीवारी नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजनंदन

चार कमरों में आठवीं तक की पढ़ाई, खराब चापाकल से विद्यार्थियों को परेशानी

राम ने बताया कि विद्यालय में कुल 200 विद्यार्थी नामांकित हैं। चार कमरों में आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है, जबकि विद्यालय में छह शिक्षक कार्यरत हैं। चापाकल खराब रहने से पेयजल की समस्या भी बनी हुई है। वहीं छठी से आठवीं कक्षा तक के लिए अलग कक्षा शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के कारण पहली से पांचवीं तक के शिक्षक ही आठवीं तक के विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं।

प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के पीछे शराब का कारोबार होने की शिकायत करते हुए कहा कि इसका बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। समस्याओं को लेकर विभाग को लिखित शिकायत दी गई है, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हुई है। विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण, भवन मरम्मत और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की आवश्यकता है।

पहलेजा व मैनपुरा पंचायत में ग्राम सभा आयोजित

अरवल। कलेर प्रखंड क्षेत्र की पहलेजा और मैनपुरा पंचायत में पंचायत दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। पहलेजा पंचायत भवन में मुखिया मुद्रिका सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित

ग्रामीणों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

हुई, जबकि मैनपुरा पंचायत में मुखिया अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत मजदूरों के लिए निर्धारित 125 दिनों के रोजगार संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आवास योजना, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन सहित बिहार सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। इस दौरान ग्रामीणों को योजनाओं से संबंधित जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।मौके पर नवपदस्थापित पंचायत सचिव सोहन कुमार, कचहरी सचिव विष्णुकांत सिंह, डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रमोद कुमार, पर्यवेक्षक सुबोध कुमार, जीविका दीदियां, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



शादी की नीयत से अपहरण मामले में प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद

अरवल। मेहंदिया थाना क्षेत्र में शादी की नीयत से युवती के अपहरण मामले में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त चंदन कुमार को झारखंड के रांची से गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त करण बिगहा गांव निवासी अजय रजक का पुत्र है। इस मामले में वादी के आवेदन पर मेहंदिया थाना कांड संख्या 127/26 दर्ज कर पुलिस अनुसंधान कर रही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रांची के पुंदाग थाना क्षेत्र में छापेमारी की। न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड लेकर अभियुक्त को अरवल लाया जा रहा है। मामले में आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

एंटी रोमियो स्क्वॉयड ने छात्राओं को किया जागरूक

अरवल। एंटी रोमियो स्क्वॉड (पिंक पेट्रोलिंग) एवं अभया ब्रिगेड की टीम ने करपी प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। इस दौरान छात्राओं को महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। टीम ने महिला हेल्प डेस्क, साइबर सुरक्षा, डायल 112 और नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी जागरूक किया। पुलिस टीम ने महिलाओं से संबंधित अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

जदयू जिला पदाधिकारियों के बीच मनोनयन प्रमाण पत्र बांटे

नरेन्द्र किशोर, संजय सिंह सहित 13 लोग बने जिला उपाध्यक्ष, जदयू के कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ : प्रो. सुशील

जहानाबाद। जनता दल यू कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में जिला पदाधिकारीयों को मनोनयन प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर 13 जिला उपाध्यक्ष के बीच मनोनयन प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसमें नरेंद्र किशोर सिंह, संजय सिंह, जितेश चंद्रवंशी, रामप्रवेश कुशवाहा, सिया देवी, जुदागी मांझी, बैजनाथ शर्मा शामिल हैं। वहीं 22 जिला महासचिव हरेराम शर्मा, संजीव कुमार सिंह, कल्पनाथ पटेल, बैजू सिंह, राजकुमार, अश्वनी शर्मा, शंभू शर्मा, राकेश कुमार पंकज, अवधेश सिंह, भीमसेन प्रसाद, अयोध्या प्रसाद सहित 32 जिला सचिव गणेश निषाद, अजीत शर्मा



मनीष शर्मा, राजू निषाद, अरुण चंद्रवंशी, रमाशंकर चौहान, आदि आदि लोगों को मनोनयन प्रमाण पत्र दिया गया। जिला प्रवक्ता रजनीश कुमार बीकू, जिला कोषाध्यक्ष मो. फिरदौस आलम, कार्यालय सचिव प्रभारी शंकर देव वर्मा को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रोफेसर सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि जदयू के कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ हैं। आप ही लोगों के बल पर पार्टी ने बिहार में 20 साल शासन चलाया और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का विकास किया। कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश महासचिव राजीव नयन उर्फ राजू सिंह, सुनील कुमार चंद्रवंशी प्रमाण पत्र वितरण किया।

चोरी की बढ़ती घटनाओं से दहशत में अरवल के लोग भाकपा माले ने उठाए सवाल

अरवल। भाकपा माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव ने जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक चोरी की घटनाओं के कारण लोगों में भय का माहौल है। अरवल सिपाह स्थित वार्ड संख्या आठ में राजद नेता रामेश्वर चौधरी के घर से लाखों रुपये के आभूषण चोरी होने की घटना सामने आई है। वहीं, भाकपा माले कार्यालय में भी रात के समय चोर घुस आए थे, लेकिन स्थानीय लोगों की नजर पड़ने पर भाग निकले। पूर्व विधायक महानंद सिंह ने रामेश्वर चौधरी के घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जितेंद्र यादव ने युवाओं में नशीले पदार्थों के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता जताई। उन्होंने पुलिस से नियमित गश्ती बढ़ाने, चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग की।

कलेर से कई समाजसेवी और राजद नेता पहुंचे पटना

डा. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर किया माल्यार्पण

कलेर (अरवल)। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर रविवार, 25 अक्टूबर यानि रविवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेर प्रखंड सहित अरवल जिले के कई समाजसेवी और राजद नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह की ओर से किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके योगदान को याद करते हुए बिहार के विकास में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यक्रम में रेल आंदोलन के सूत्रधार एवं अरवल जिला सांसद प्रतिनिधि तथा अरवल विकास मंच के अध्यक्ष मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में कलेर और अरवल जिले से कई लोग पटना पहुंचे। माल्यार्पण करने वालों में धनंजय कुमार सिंह, मोहम्मद हसन इमाम, नकुल कुमार, चंद्रकांत कुमार, मंटू कुमार यादव, नीतीश कुमार, डिंपल यादव, रजनीश कुमार, ओम प्रकाश कुमार, रमाकांत कुमार और ओम प्रकाश गुप्ता सहित अरवल जिले के कई गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने डॉ. श्रीकृष्ण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं, विनय कुमार पिता गुलाब चंद्र ठाकुर मुहल्ला खुरमाबाद थाना सिवान (मु) जिला सिवान शपथ कर्ता के पुत्र का नाम आधार कार्ड नं.-302240372665 में भूलवश दुर्गेश ठाकुर हो गया है, परन्तु मूलरुप से शपथकर्ता के पुत्र का नाम अक्षत कुमार है। शपथकर्ता के पुत्र दुर्गेश ठाकुर को अब अक्षत कुमार के नाम से जाना जाएगा। अक्षत कुमार व दुर्गेश ठाकुर एक ही लड़के का नाम है। शपथ पत्र संख्या 86 दिनांक 15.10.2026.

9/484/26

शपथ पत्र

मैं, मृत्यंजय कुमार भक्त MRITUNJAY KUMAR BHAKT पिता शिवनाथ प्रसाद SHEO NATH PRASAD साकिन-रकौली, पो.-संठी, थाना-रघुनाथपुर, जिला-सिवान का निवासी हूं। शपथपूर्वक निम्नलिखित निवेदन करता हूं कि शपथकर्ता के आधार कार्ड सं.-3130 1485 4261 है। शपथकर्ता का ड्राईवरी लाइसेन्स जिला परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश से बना है, जो लाइसेन्स नं.-UP52-20110000438 जो ट्रान्सफर कर बिहार सिवान में आया है। शपथकर्ता का ड्राइवरी लाईसेन्स बना है उसमें शपथकर्ता के पिता का नाम अंग्रेजी में SHEO NATH PRASAD सही है जो गलती से SHIV NATH PRASAD हो गया है जो सुधार करना जरूरी है जो SHIV का सुधार कर SHEO सही करना है। शपथ पत्र सं.-4101 दि. 14.10.26

9/484/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

सड़क दुर्घटना में मनोज साहू की मौत पर विधायक ने जताया शोक

मृतक के परिजनों से मिलकर बंधाया ढाढ़स विधायक पप्पू वर्मा ने हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

कुर्था, अरवल। कुर्था जगदेव कॉलोनी निवासी मनोज साहू की सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मौत के बाद शनिवार को कुर्था विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक पप्पू कुमार वर्मा उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं साहस बनाए रखने का भरोसा दिलाया। विधायक ने मनोज साहू



के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका असामयिक निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि मनोज साहू मृदुभाषी, मिलनसार एवं सामाजिक स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस घटना से वे स्वयं भी काफी मर्माहत हैं।

विधायक ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस दौरान उन्होंने परिजनों से दुर्घटना के संबंध में जानकारी ली और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि दुख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उनके पहुंचने से शोकाकुल परिजनों को सांत्वना मिली। इस मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों कार्यकर्ताओं ने भी मनोज साहू के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कलेर में रबी फसलों की खेती को लेकर किसानों को दिया प्रशिक्षण

कृषि योजनाओं की दी गयी जानकारी, किसानों के बीच उपादान का वितरण

कलेर, अरवल। प्रखंड कृषि कार्यालय कलेर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय वासंतिक रबी प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को रबी मौसम में उगाई जाने वाली विभिन्न फसलों की बेहतर तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर किसान फसलों की उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। इस दौरान रबी फसलों से संबंधित बीजों एवं कृषि उपादानों के वितरण के साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। किसानों से



पैदावार के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को उन्नत खेती के तरीके अपनाने, गुणवत्तापूर्ण बीजों का उपयोग करने तथा कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक कृषि अपील की गई कि वे कृषि विभाग के संपर्क में रहकर योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नेहा कश्यप, राजस्व अधिकारी रतन कुमार झा, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

आज समाहरणालय में मनेगा सतर्कता अभिचेतना सप्ताह

अरवल। जिला पदाधिकारी अमृषा बैस के निर्देशानुसार 26 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे समाहरणालय परिसर में सतर्कता अभिचेतना सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान भ्रष्टाचार की रोकथाम, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम नागरिकों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही, पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता बनाए रखने का संकल्प दिलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित समय पर कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निर्देश दिया

अस्पताल के गंदे पानी से धान की फसल को नुकसान

वंशी (अरवल)। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सोनभद्र गांव में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का गंदा पानी किसान के खेत में गिर रहा है. जिससे किसान के खेत में पक्का हुआ धान फसल काटने में दिक्कत हो रही हैं। किसान महंगे धान के बीज खरीद कर खेत में धान की फसल लगाई, जब फसल तैयार हो गई। धान के खेत में स्वास्थ्य केन्द्र के लैटरिंग बाथरूम टंकी नाली के गंदे पानी गिरने से कोई मजदूर खेत में गंदे पानी में धान काटने को तैयार नहीं हो रहे हैं। खेत में नाली के गंदे पानी से धान की फसल पकने के बाद भी खेत बजबजा रही हैं। किसान रिंदू शर्मा ने बताया कि नाली के गंदे पानी को लेकर कई बार स्वास्थ्य प्रबंधक तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के समक्ष गुहार लगाई। बराबर सिर्फ आश्वासन दिया जाता है, लेकिन नाली की गंदे पानी को अस्पताल के पास बना नाली में नहीं गिराया गया। अगर स्वास्थ्य केन्द्र के सामने बना बड़ी नाली में गंदे पानी गिराया जाता तो खेत में लगा फसल नुकसान नहीं होती।

किसान ने बताया कि आज धान फसल तैयार है लेकिन गंदे पानी से बजबजाती खेत को देख कोई मजदूर धान फसल काटने को तैयार नहीं हो पा रहे हैं। धान फसल के काटने के बाद गेहूं फसल की बुआई करनी है। ऐसे स्थिति में किसानों को फसल तैयार होने के बाद काफी नुकसान हो रहा है।

कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी बखरी

आम सूचना

समाहर्ता, बेगूसराय के पत्रांक-२१०७/रा०, दिनांक-२२/०६/२०२६ के आलोक में एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना के ब्ंश्र नं०-१७३२२/२०२२ के दिशा निर्देशानुसार श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर मक्खाचक, वार्ड नं०-२०, नगर परिषद बखरी, थाना-बखरी, जिला-बेगूसराय की व्यवस्था हेतु न्यास समिति के गठन के लिये सभी इच्छुक योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। सभी योग्य इच्छुक व्यक्ति वांछित कागजातों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी, बखरी के कार्यालय में दिनांक-२७/१०/२०२६ से ०३/११/२०२६ तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

निवेदक
जिला प्रशासन
बेगूसराय।